# मीठाईवाला

---

Question 1.
मिठाई वाले के दुःख का क्या कारण था?
(a) उसके परिवार का बिछुड़ जाना
(b) उसका व्यापार नष्ट हो जाना
(c) उसकी जमीन छिन जाना
(d) उसका सदा बीमार रहना

▼ Answer

Answer: (a) उसके परिवार का बिछुड़ जाना

---

Question 2.
मुरली वाले ने कितनी मुरलियाँ बनवाई थीं?
(a) एक सौ
(b) पाँच सौ.
(c) एक हजार
(d) दो हजार

▼ Answer

Answer: (c) एक हजार

---

Question 3.
घर के मालिक का क्या नाम है?
(a) देव बहादुर
(b) विजय बहादुर
(c) तेग बहादुर
(d) शिव बहादुर

▼ Answer

Answer: (b) विजय बहादुर

---

Question 4.
मिठाई वाला बच्चों को देखकर प्रसन्न क्यों हो जाता था?
(a) वह बच्चों में अपने बच्चों की छवि देखता था
(b) उसकी आदत ही ऐसी थी
(c) वह मानसिक रूप से बीमार था
(d) उसको दूसरों के बच्चे अच्छे लगते थे

▼ Answer

Answer: (a) वह बच्चों में अपने बच्चों की छवि देखता था

---

Question 5.
निम्नलिखित में से कौन-सा गुण मिठाई वाले में नहीं था?

(a) मधुर स्वर
(b) वात्सल्य भाव
(c) उदार हृदय
(d) लाभ कमाने वाला

▼ Answer

Answer: (d) लाभ कमाने वाला

---

Question 6.
'अप्रतिभ' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) प्रसन्न
(b) जो पहले न हुआ तो
(c) उदास
(d) सजग

▼ Answer

Answer: (c) उदास

---

Question 7.
चुन्नु-मुन्नु की माँ का क्या नाम है?
(a) कमला
(b) रोहिणी
(c) माधुरी
(d) जमुना

▼ Answer

Answer: (b) रोहिणी

---

Question 8.
"मिठाई वाला' कहानी में इनमें से कौन नहीं है?
(a) मिठाई वाला
(b) मुरली वाला
(c) तमाशे वाला
(d) खिलौने वाला

▼ Answer

Answer: (c) तमाशे वाला

---

Question 9.
"मिठाई वाला' कहानी किन पर केंद्रित है?
(a) खेल-तमाशों वालों पर
(b) बाजार वालों पर
(c) बच्चों पर
(d) किसानों पर

▼ Answer

Answer: (c) बच्चों पर

---

Question 10.
"मिठाई वाला' कहानी के लेखक कौन हैं?
(a) भवानी प्रसाद वाजपेयी
(b) प्रयाग शुक्ल
(c) मीराबाई
(d) जैनेंद्र कुमार

▼ Answer

Answer: (a) भवानी प्रसाद वाजपेयी

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए-

1. बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता-"बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला।" इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र, किंतु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठते। उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अंतर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

Question 1.
फेरी वाला क्या आवाज लगाकर अपना सामान बेचता था?
(a) ले लो मिठाई
(b) खिलौनेवाला आ गया
(c) बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला
(d) मुरलीवाला, मुरलीवाला

▼ Answer

Answer: (c) बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला

---

Question 2.
फेरी वाले की आवाज सुनकर लोग चंचल क्यों हो उठते थे?
(a) फेरी वाला बहुत ही मादक-मधुर ढंग से आवाज लगाता था
(b) फेरी वाले की आवाज बहुत कर्कश थी
(c) फेरी वाला बहुत ही सस्ता सामान बेचता था
(d) फेरी वाले का सामान बहुत ही अच्छा था

▼ Answer

Answer: (a) फेरी वाला बहुत ही मादक-मधुर ढंग से आवाज लगाता था

---

Question 3.
फेरी वाले की आवाज़ सुनकर कौन हल-चल मचाने लगते थे?
(a) बच्चों की माताएँ
(b) बच्चों के पिता
(c) आप-पास के दुकानदार
(d) बच्चे

▼ Answer

Answer: (d) बच्चे

---

Question 4.
'अंतर्व्यापी उद्यान' का क्या अर्थ है?
(a) खुब बड़ा उद्यान
(b) घर के बाहर की जगह
(c) घर के अंदर फैला छोटा-सा बगीचा
(d) पेड़-पौधों से युक्त उद्यान

▼ Answer

Answer: (c) घर के अंदर फैला छोटा-सा बगीचा

---

Question 5.
'समूह' के लिए यहाँ किस शब्द का प्रयोग हुआ है?
(a) विचित्र
(b) झुंड
(c) स्नेह
(d) इठलाना

▼ Answer

Answer: (b) झुंड

---

2. मुरलीवाला हर्ष-गद्गद हो उठा। बोला-"सबको देंगे भैया! लेकिन ज़रा रुको, ठहरो, एक-एक को देने दो। अभी इतनी जल्दी हम कहीं लौट थोड़े ही जाएंगे। बेचने तो आए ही हैं और हैं भी इस समय मेरे पास एक-दो नहीं, . पूरी सत्तावन। ...हाँ, बाबू जी, क्या पूछा था आपने, कितने में दीं! ...दीं तो वैसे तीन-तीन पैसे के हिसाब से हैं, पर आपको दो-दो पैसे में ही दे दूंगा!"।

विजय बाबू भीतर-बाहर दोनों रूपों में मुसकरा दिए। मन-ही-मन कहने लगे-कैसा है! देता तो सबको इसी भाव से है, पर मुझ पर उलटा एहसान लाद रहा है। फिर बोले-"तुम लोगों की झूठ बोलने की आदत होती है। देते होगे सभी को दो-दो पैसे में, पर एहसान का बोझ मेरे ही ऊपर लाद रहे हो।"

Question 1.
बच्चे क्या चाहते थे?
(a) कि पहले मुरली उसको ही मिले
(b) मुरलीवाला मुरली के पैसे न ले।
(c) मुरलीवाला सबको मुरली दे दे
(d) मुरलीवाला साथ में खिलौने भी रखे

▼ Answer

Answer: (a) कि पहले मुरली उसको ही मिले

---

Question 2.
मुरलीवाले के पास कितनी मुरलियाँ थीं?
(a) पचास
(b) साठ
(c) सत्तावन
(d) तिरेसठ

▼ Answer

Answer: (c) सत्तावन

---

Question 3.
मुरलीवाला कितने पैसे में मुरली देना चाहता था?
(a) पाँच पैसे में
(b) चार पैसे में
(c) तीन पैसे में
(d) दो पैसे में

▼ Answer

Answer: (d) दो पैसे में

---

Question 4.
विजय बाबू क्यों मुसकरा रहे थे?
(a) वे बच्चों की बातें सुनकर मुसकरा रहे थे
(b) वे अपनी पत्नी की बातें सुनकर मुसकरा रहे थे
(c) वे मुरलीवाले की यह बात सुन कर मुसकरा रहे थे कि आपको यह मुरली दो पैसे में ही दूंगा
(d) वे मुरलीवाले को वेबकूफ समझ रहे थे

▼ Answer

Answer: (c) वे मुरलीवाले की यह बात सुन कर मुसकरा रहे थे कि आपको यह मुरली दो पैसे में ही दूंगा

---

Question 5.
विजय बाबू ने मुरली वाले को क्या कहा?
(a) तुम्हारी झूठ बोलने की आदत होती है
(b) तुम महँगी मुरली बेच रहे हो
(c) तुम बच्चों को ठग रहे हो
(d) तुम मिठाई लेकर कब आओगे

▼ Answer

Answer: (a) तुम्हारी झूठ बोलने की आदत होती है

---

3. मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा। बोला-"आपको क्या पता बाबू जी कि इनकी असली लागत क्या है! यह तो ग्राहकों का दस्तूर होता है कि दुकानदार चाहे हानि उठाकर चीज़ क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं-दुकानदार मुझे लूट रहा है। आप भला काहे को विश्वास करेंगे? लेकिन सच पूछिए तो बाबू जी, असली दाम दो ही पैसा है। आप कहीं से दो पैसे में ये मुरली नहीं पा सकते। मैंने तो पूरी एक हज़ार बनवाई थीं, तब मुझे इस भाव पड़ी हैं।' विजय बाबू बोले-"अच्छा, मुझे ज़्यादा वक्त नहीं, जल्दी से दो ठो निकाल दो।"

दो मुरलियाँ लेकर विजय बाबू फिर मकान के भीतर पहुँच गए। मुरलीवाला देर तक उन बच्चों के झुंड में मुरलियाँ बेचता रहा! उसके पास कई रंग की मुरलियाँ थीं। बच्चे जो रंग पसंद करते, मुरलीवाला उसी रंग की मुरली निकाल देता।

Question 1.
मुरलीवाला किसकी बात सुनकर उदास हो गया?
(a) रोहिगी की
(b) बच्चों की

(c) विजय बाबू की
(d) दादी माँ की

▼ Answer

Answer: (c) विजय बाबू की

---

Question 2.
ग्राहक हमेशा क्या समझता है?
(a) दुकानदार मुझे लूट रहा है
(b) दुकानदार सस्ता बेच रहा है
(c) दुकानदार झूठ बोल रहा है
(d) दुकानदार बहका रहा है

▼ Answer

Answer: (a) दुकानदार मुझे लूट रहा है

---

Question 3.
मुरलीवाले ने कितनी मुरलियाँ बनवाई थीं?
(a) एक सौ
(b) एक हजार
(c) पाँच सौ
(d) सतावन

▼ Answer

Answer: (b) एक हजार

---

Question 4.
विजय बाबू ने कितनी मुरलियाँ खरीदीं?
(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) पाँच

▼ Answer

Answer: (a) दो

---

Question 5.
मुरलीवाला बच्चों के झुंड में क्या करता रहा?
(a) खेलता रहा
(b) मन बहलाता रहा
(c) मुरलियाँ बेचता रहा
(d) उनको कहानियाँ सुनाता रहा

▼ Answer

Answer: (c) मुरलियाँ बेचता रहा

---

4. अतिशय गंभीरता के साथ मिठाईवाले ने कहा-"मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठत आदमी था। मकान, व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े, नौकर-चाक्कर सभी कुछ था। स्त्री थी, छोटे-छोटे दो बच्चे भी थे। मेरा वह सोने का संसार था। बाहर संपत्ति का वैभव था, भीतर सांसारिक सुख था। स्त्री सुंदरी थी, मेरी प्राण थी। बच्चे ऐसे सुंदर थे, जैसे सोने के सजीव खिलौने! उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था। समय की गति! विधाता की लीला। अब कोई नहीं है। दादी, प्राण निकाले नहीं निकले। इसलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ। वे सब अंत में होंगे, तो यही कहीं। आखिर, कहीं न जनमे ही होंगे। उस तरह रहता, घुल-घुलकर मरता। इस तरह सुख-संतोष के साथ मरूँगा। इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने उन बच्चों की एक झलक-सी मिल जाती है। ऐसा जान पड़ता है, जैसे वे इन्हीं में उछल-उछलकर हँस-खेल रहे हैं। पैसों की कमी थोडे ही है, आपकी दया से पैसे तो काफी हैं। जो नहीं है, इस तरह उसी को पा जाता हूँ।"

Question 1.
मुरलीवाले की पहले कैसी स्थिति थी?
(a) वह अपने नगर का प्रतिष्ठित व्यक्ति था
(b) वह पहले बहुत गरीब व्यक्ति था
(c) लोग मुरलीवाले को परेशान करते थे
(d) उसके पास लोगों का बहुत उधार था

▼ Answer

Answer: (a) वह अपने नगर का प्रतिष्ठित व्यक्ति था

---

Question 2.
मुरली वाले के बच्चों व पत्नी का क्या हुआ?
(a) शायद वे मारे गए
(b) शायद वे कहीं चले गए
(c) शायद वे बीमारी का शिकार हो गए
(d) (a) और (b) कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) (a) और (b) कथन सत्य हैं

---

Question 3.
मुरलीवाला बच्चों के बीच विभिन्न वस्तुएँ क्यों बेचता है?
(a) उनको लगता है कि बच्चे मासूम होते हैं
(b) उनको लगता है कि बच्चे उनकी चीज़े खरीद लेंगे
(c) उनको बच्चों में अपने बच्चों की छवि नज़र आती है, इन्हें देखकर वह अपना दु:ख हल्का कर लेता है
(d) बच्चे उसकी बातों में आसानी से आ जाते हैं

▼ Answer

Answer: (c) उनको बच्चों में अपने बच्चों की छवि नज़र आती है, इन्हें देखकर वह अपना दु:ख हल्का कर लेता है

---

Question 4.
मुरलीवाला अपने जीवन का आधार किन्हें समझ रहा है?
(a) अपने बच्चों को
(b) इन बच्चों को जिनको वह विभिन्न चीजें बेच रहा है
(c) अपने बच्चों की यादों को
(d) केवल अपनी माँ को

▼ Answer

Answer: (b) इन बच्चों को जिनको वह विभिन्न चीजें बेच रहा है

---

Question 5.
कोलाहल का अर्थ है?
(a) रोना-धोना
(b) हड़बड़ाकर भागना
(c) शोर
(d) खेलना-कूदना

▼ Answer

Answer: (c) शोर

---